# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा
*वित्तभवन, "ए" ब्लॉक, जनपथ, जयपुर-302005*

( दूरभाष 0141-2740837, फैक्स 0141-2742309, ईमेल jacct.dta@rajasthan.gov.in )

**क्रमांक**:- प.(ई)निप/(लिंक नंबर–12152/2013)/अलेसे–II/647 दिनांकः– 8-5-2025

आदेश संख्या 312 /2025–26

उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर ने अपने पत्र क्रमांक भ्रनिब्यूरो जोध/2024/3777–79 दिनांक 08.10.2024 से श्री महेन्द्र जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II (लिंक नं–12152) हाल कार्यालय ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी, नागौर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जैसलमेर द्वारा दिनांक 20.01.2023 को आकस्मिक चैंकिग के दौरान अवैध राशि बरामद होने पर इनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 30/2023 पंजीबद्ध कर अनुसंधान के उपरान्त अपराध अन्तगर्त धारा 13(1)(बी.) सहपठित धारा 13(2) भ्र.नि. अधिनियम–1988 (यथा संशोधित 2018) एवं 120(बी.) भा.द.स. प्रमाणित पाये जाने पर अभियोजन स्वीकृति हेतु प्रकरण प्रेषित किया है। जिसके क्रम में इस निदेशालय द्वारा अभियोजन स्वीकृति क्रमांक प.(ई)निप/(लिंक नंबर–12152/2013)/अलेसे–II/645 दिनांक 08.05.2025 जारी की जा चुकी है।

अतः कार्मिक (क–3) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.2.(157) कार्मिक/क–3/शिका/97 दिनांक 22.03.2023 के बिन्दु संख्या ए(2) के अनुसरण में श्री महेन्द्र जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम–13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में अभियोजन स्वीकृति दिनांक 08.05.2025 से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन काल में इनका मुख्यालय कोषालय, कोटा में रहेगा।

श्री महेन्द्र जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को निलम्बन काल में राजस्थान सेवा नियमों के नियम 53 के अन्तर्गत नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। निलम्बन काल में श्री महेन्द्र जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II नियमित रूप से मुख्यालय कोषालय, कोटा में अपनी उपस्थिति अंकित करेंगें।

8
(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

**क्रमांक**:- प.(ई)निप/(लिंक नंबर–12152/2013)/अलेसे–II/647 दिनांकः– 08-05-2025

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1 संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2 उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर।
3 उपाधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जैसलमेर।
4 अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर ।
5 ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी, नागौर।
6 कोषाधिकारी, कोटा ।
7 उप निदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में प्रविष्ठी करने हेतु।
8 श्री महेन्द्र जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II (लिंक नं–12152) हाल कार्यालय ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी, नागौर को पालनार्थ।
9 वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
10 जाँच शाखा/एसीआर शाखा/डीपीसी शाखा/पदस्थापन सीट।
11 रक्षित पत्रावली/निजी पत्रावली।

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)